आकाशवाणी भोपाल

दोपहर समाचार

दिनांक 09.09.2024 समय: 2.10 PM

समाचार-----

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 29 तारीख को आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और दुनियांभर के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कडी होगी।

श्रोता, इस महीने की 27 तारीख तक टोल फ्री नम्बर **1 8 0 0 - 1 1 - 7 8 0 0** पर कार्यक्रम के लिए सुझाव भेज सकते हैं। इसके अलावा 1922 पर मिस्ड कॉल देकर एस एम एस पर मिले लिंक से भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिये ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं।

आईसीटी लैब

प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों में डिजिटल लिटरेसी विकसित करने के उद्देश्य से इन्फार्मेशन एण्ड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी -आईसीटी लैब स्थापित की जा रही हैं। प्रदेश में अब तक 3 हजार 390 आईसीटी लैब स्थापित की जा चुकी हैं। केन्द्र सरकार की इस योजना में स्कूल में कम्प्यूटर लैब स्थापित की जा रही हैं। छटवीं से लेकर बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिये आईसीटी से संबंधित विषयवस्तु तैयार की गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों को डिजिटल साक्षर बनाने की कोशिश की जा रही। यहाँ डिजिटल बस भेजकर विद्यार्थियों को कम्प्यूटर संबंधी जानकारी

दे रहा है। डिजिटल बस “आईसीटी लैब ऑन द व्हील” नाम से चलायी जा रही है।

विश्व फिजियोथैरेपी दिवस

आज विश्व फिजियोथैरेपी दिवस है | इस अवसर पर जिला चिकित्सालय में राष्ट्रीय वृद्धाजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जा रहा है | जिला चिकित्सालय के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर उत्कर्ष द्विवेदी ने आकाशवाणी को बताया कि शिविर में समस्त लाभार्थियों को फिजियोथैरेपी की सेवाएं दी जा रही है| शिविर में जांच कर निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं | जिला चिकित्सालय के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ देवेंद्र सिंह चावड़ा ने बताया कि शिविर के दौरान आयुष्मान कार्ड भी बनवाई जा रहे हैं |

सरसी आइलैंड

बाणसागर डूब क्षेत्र के सरसी आइलैंड को पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनाया गया है। बाणसागर स्थित सरसी आइलैंड में लक्षद्वीप और खंडवा के हनुवंतिया जैसा महसूस होता है। यहाँ पर्यटकों के लिए जिम, 5-स्टार होटलों जैसी सुविधाएँ, आने जाने के लिए स्पीड मोटर बोट और डेस्टिनेशन वेडिंग कार्यक्रम के लिए आकर्षक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी राजेंद्र शुक्ल ने एक समीक्षा बैठक के दौरान सरसी आइलैंड क्षेत्र में विचरण कर रहे गौवंश के लिए उचित व्यवस्थाए करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि सरसी आईलैंड लगभग 15 एकड़ की क्षेत्रफल में बनाया गया है। यहां पर पर्यटकों को पहुंचने के लिए मारकंडेय एवं इटमा में घाट बनाए गए हैं । घाट में वोट, पार्किंग एवं टॉयलेट सहित अन्य प्रकार की सुविधा भी उपलब्ध की गई है।

मौसम

प्रदेश में मानसून कहीं कम और कहीं ज्यादा सक्रीय है । भोपाल के कुछ इलाकों में आज सुबह बूंदाबांदी के बाद तेज धूप निकली है। वहीं, शाजापुर में आधे घंटे जमकर पानी गिरा। मौसम विभाग ने आज अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में अति भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। वहीँ, 25 से ज्यादा जिलों में भी बारिश हो सकती है। **जबलपुर** से हमारी संवाददाता ने बताया कि जबलपुर समेत सम्भाग के अन्य जिलों के अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रिय मौसम प्रणाली के मद्देनजर मौसम विभाग ने 24 घंटे के दौरान हल्की और 10 सितंबर से गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश की संभावना जताई है।

समाचार संक्षेप में...

1. कटनी जिले के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को सफाई के महत्व को समझाने के लिये स्वच्छता पखवाड़ा मना रहा है। स्कूलों में 15 सितम्बर तक चलने वाले पखवाड़े में सफाई व्यवस्था पर केन्द्रित गतिविधियाँ बच्चों के सहयोग से चलाई जा रही है।

2. नर्मदापुरम जिले में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार और बाजरा उपार्जन के लिये किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। इस बार किसान स्वयं के मोबाईल से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे।

3. अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर कल शहडोल जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में साक्षरता विषय पर लघु नाटिका का मंचन किया गया। साक्षरता के महत्व विषय पर परिसंवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

4. सीहोर जिले में शाहगंज के दिगंबर वॉटरफॉल में रविवार को पिकनिक मनाने गए भोपाल के पीपुल्स हॉस्पिटल के डॉक्टर का शव मिल गया है। उनका कल यहाँ नहाते समय डॉ. अय्यर पानी में डूब गए।